कार्यालय, निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/मा/राशिकप्र/31582/2019–20 दिनांकः– 18.11.2019

जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय
माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा
....

विषयः– शिक्षक दिवस 5 सितम्बर, 2019 के अवसर पर झंडियों का वितरण कर राशि भिजवाने बाबत।

प्रसंगः– इस कार्यालय का सम संख्यक पत्र दिनांक 15.07.2019 एवं स्मरण पत्र दिनांक 24.09.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रांसगित पत्र के सन्दर्भ में लेख है कि शिक्षक दिवस 5 सितम्बर, के अवसर पर झंडियों का वितरण कर राशि भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया था, तत्पश्चात स्मरण पत्र द्वारा झंडियों की राशि एकत्रित कर निर्धारित लक्ष्य अनुसार समेकित राशि का बैंक ड्राफ्ट शीघ्र भिजवाने हेतु लिखा था। परन्तु अभी तक एकत्रित की गई राशि का ड्राफ्ट इस कार्यालय में अपेक्षित है जो बड़ी ही खेद जनक स्थिति है।

अतः आप अपने जिले के अधीनस्थ विद्यालयों/कार्यालयों को दिये गये लक्ष्य अनुसार झंडियों की राशि शीघ्र संकलित कर प्राप्त राशि का बैंक ड्राफ्ट राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को शीघ्र भिजवाने की व्यवस्था करें। इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब नहीं किया जावे, साथ ही यह भी अवगत करावें की आपके द्वारा कहाँ, कितनी झंडियों का वितरण किया है, उसकी सूची उपलब्ध करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

उप निदेशक (प्रशासन)
राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

www.rajteachers.com